संख्या–एस0ई0–171 / दस–2014–आ–15 / 13

प्रेषक,

राम किशोर पाण्डेय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय,
510 / 217 न्यू हैदराबाद,
लखनऊ।

वित्त (सेवायें) अनुभाग–1 लखनऊ :: दिनांकः 02 अप्रैल, 2014

विषयः अनुदान संख्या–65 के अंतर्गत आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के लिये वर्ष 2014–15 में प्रथम चार माह (अप्रैल से जुलाई, 2014 तक) के व्यय हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी –1–795 / दस–2014–231 / 2014, दिनांक 14 मार्च, 2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय–व्ययक में अनुदान संख्या–65 वित्त विभाग (आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय) के निम्नलिखित विवरण के अनुसार लेखाशीर्ष–2054–खजाना तथा लेखा प्रशासन–आयोजनेत्तर–095–लेखा एंव खजाना निदेशालय–03–आन्तरिक लेखा परीक्षा निदेशालय'' के अंतर्गत अधिग्रहण व्यय की विभिन्न मदों में व्यवस्थित धनराशि रू0 39985 हजार (रूपये तीन करोड़ निन्यानबे लाख पच्चासी हजार मात्र) में से लेखानुदान की प्रथम चार माह (अप्रैल से जुलाई, तक) की अवधि हेतु रू0 13329 हजार (रूपये एक करोड़ तैंतीस लाख उन्तीस हजार मात्र) उक्त सन्दर्भित कार्यालयं ज्ञाप में उल्लिखित प्रतिबंधों / निर्देशों के अधीन व्यय करने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

<u>लेखाशीर्ष</u>

''2054–खजाना तथा लेखा प्रशासन
–095–लेखा तथा खजाना निदेशालय
–03–आन्तरिक लेखा परीक्षा निदेशालय''

–2 / ––––

धनराशि (हजार रूपये

मानक मद	वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिये कुल मांग/प्रावधान	वित्तीय वर्ष 201 प्रथम चार माह के की जाने वाली धनरा (माह अप्रैल से जुलाई त
1	2	3
01–वेतन	16000	5333
02–मजदूरी	250	83
03–मंहगाई भत्ता	16800	5600
04–यात्रा व्यय	500	167
05–स्थानान्तरण यात्रा व्यय	75	25
06–अन्य भत्ते	2100	700
07–मानदेय	30	10
08–कार्यालय व्यय	600	200
09–विद्युत देय	300	100
10–जलकर/जल प्रभार	50	17
11–लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	200	67
12–कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	200	67
13–टेलीफोन पर व्यय	90	30
14–मोटर गाड़ियों का क्रय	—	—
15–गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	500	167
17–किराया, उपशुल्क और कर स्वामित्व।	70	23
22–आतिथ्य व्यय/व्यय विषयक भत्ता आदि	100	33
26–मशीने और सज्जा/उपकरण और संयत्र	—	—
29–अनुरक्षण	400	133
42–अन्य व्यय	50	17
44–प्रशिक्षण हेतु यात्रा एंव अन्य प्रासंगिक व्यय	300	100
45–अवकाश यात्रा व्यय	100	33
46–कम्प्यूटर हार्डवेयर/ साफ्ट वेयर का क्रय	500	167
47–कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्संबंधी स्टेशनरी का क्रय	250	83
49–चिकित्सा व्यय	500	167
51–वर्दी व्यय	20	7
योग	39985	13329

(रूपये एक करोड़ तैंतीस लाख उन्तीस हजार मात्र)

2– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि शासकीय व्यय में मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है, अतः व्यय करते समय मितव्ययिता के संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों व नवीनतम शासनादेश संख्या–सीए–934/दस–2008–मित–1/2004, दिनांक 02 सितम्बर, 2008 का विशेष रूप से पालन किया जाय ताकि अपव्यय को रोका जा सके।

3– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि अनुदान के अंतर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एंव आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में शासनादेश संख्या–बी–1–1195 /दस–16/94, दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

4– उपर्युक्त के अतिरिक्त मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि जहां भी नियमों के अंतर्गत शासन की स्वीकृति आवश्यक हो, धनराशि व्यय करने से पूर्व अपेक्षित स्वीकृति आवश्यक रूप से प्राप्त कर ली जाय।

5– उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय व्ययक के अनुदान संख्या–65 के लेखाशीर्ष–''2054–खजाना तथा लेखा प्रशासन–आयोजनेत्तर–095–लेखा एंव खजाना निदेशालय–03–आन्तरिक लेखा परीक्षा निदेशालय'' के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक संगठनों के नामे डाला जायेगा तथा लेखानुदान एवं तत्संबंधी विनियोग अधिनियम द्वारा प्राधिकृत निधि से वह्न किया जायेगा।

भवदीय,

(राम किशोर पाण्डेय)
उप सचिव।

संख्या–एस0ई0–171(1)/दस–2014, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार(लेखा एंव हकदारी)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा परीक्षा)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3– वित्त (आय–व्ययक)अनुभाग–1/2
4– मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5– मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, आन्तरिक लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6– वित्त (लेखा परीक्षा) अनुभाग
7– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राम किशोर पाण्डेय)
उप सचिव।